आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 177 | उज्जैन, मंगलवार 20 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समर्पित थीं देवी अहिल्या बाई होल्कर - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन, क्षेत्रीय विकास और न्याय प्रबंधन के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके द्वारा जनसामान्य के कल्याण और महिलाओं के स्वावलम्बन के लिए गए कार्य अनुकरणीय हैं। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने देश भर में धर्म और संस्कृति के उत्थान के कार्यों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य किया। उनके इस सपने को साकार करने के लिए लोकमाता के 300 वें जयंती समारोह के अंतर्गत वर्ष इन विषयों पर केंद्रित गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राज्यों में देवी अहिल्या द्वारा निर्मित मंदिरों, पूजा घरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक उपयोग की संरचनाओं के रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या द्वारा निर्मित देव स्थानों में धार्मिक स्वरूप की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के महाराष्ट्र स्थित मूल गांव चौड़ी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियों का एकत्रिकरण कराया जाए। प्रदेश के विभिन्न भागों में अहिल्या यात्रा के आयोजन, शाला व महाविद्यालय स्तर पर देवी अहिल्या पर केन्द्रित शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

## किसान की बेबसी देख शिवराज सिंह ने फोन पर की बात, कहा- नुकसान की होगी भरपाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक किसान की बेबसी को देखकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान भी भावुक हो गए। उन्होंने किसान से फोन पर बात की और आश्वासन दिया कि उसके नुकसान की भरपाई की जाएगी।

वीडियो में किसान हाथों से भारी बारिश में अपनी फसल को बर्बाद होने से बचाने की कोशिश करता दिख रहा है। यह वीडियो महाराष्ट्र के कई जिलों में बेमौसम बारिश के कारण किसानों को हो रहे नुकसान को बयां करता है।

दरअसल, वीडियो में दिख रहे किसान गौरव पंवार अपनी मूंगफली की फसल लेकर वाशिम के बाजार में आए थे, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते जब उनकी मेहनत की कमाई नष्ट होने लगी तो बेबस होकर वह हाथों से फसल को बचाने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे थे।

शिवराज ने शेयर किया पोस्ट- शिवराज चौहान ने एक्स पर पंवार के साथ अपनी बातचीत का वीडियो साझा भी किया। किसान को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्हें बहुत नुकसान हुआ है।

शिवराज ने पोस्ट किया- महाराष्ट्र के किसान गौरव पंवार का मार्मिक वीडियो देखकर हृदय विचलित हो गया।

## पाकिस्तान की पोल खोलने वाले स्क्वाड के डेलिगेशन में शामिल नहीं होंगे यूसुफ पठान




नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने बनाया है, जो दुनिया के अलग-अलग देशों में जाकर भारत का पक्ष रखेंगे। इस दल में अलग-अलग पार्टियों के नेताओं को शामिल किया गया है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने अपने सांसद को भेजने से मना कर दिया है।

केंद्र सरकार ने कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों को इस मुहिम का हिस्सा बनाया है। वहीं, TMC सांसद यूसुफ पठान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल था। हालांकि TMC ने यूसुफ पठान का नाम वापस ले लिया है।

TMC के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने इसकी घोषणा की है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी साफ कर दी है। डेरेक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति का काम केंद्र सरकार का है।

डेरेक ने कहा- तृणमूल कांग्रेस पूरी तरह से राष्ट्रहित के साथ है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति करना केंद्र सरकार का काम है और यह काम केंद्र को ही करने देना चाहिए।

## प्रशिक्षित कमांडो फोर्स की तरह होता है मधुमक्खियों का डिफेंस सिस्टम, बॉर्डर पर घुसपैठ रोकने में हो रही मददगार



नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में खबर आई थी कि छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सीआरपीएफ के एक मादा स्वान रोलो की मधुमक्खियों के आक्रमण से मौत हो गई। मधुमक्खियों की यह आक्रामकता दर्शाती है कि उनकी रक्षा प्रणाली किसी प्रशिक्षित कमांडो फोर्स की भांति होती है। वे अपनी ओर से किसी को छेड़ती नहीं है, लेकिन छेड़े जाने पर किसी को छोड़ती भी नहीं हैं।

सीआरपीएफ के लिए काम कर रही दो वर्षीया रोलो बेल्जियम शेफर्ड नस्ल की मादा श्वान थी। नक्सल विरोधी अभियान में लगे सीआरपीएफ के जवान उसका उपयोग नक्सलियों द्वारा छुपाए गए खतरनाक विस्फोटकों को ढूंढने के लिए करते थे। रोलो कई बार घनी झाड़ियों में घुसकर छिपाए गए विस्फोटक भी खोज निकालती थी।

इसी क्रम में पिछले माह 27 अप्रैल को रोलो की किसी खोज प्रक्रिया के दौरान वहां लगा मधुमक्खियों का छत्ता हिल गया, और करीब 200 मधुमक्खियों ने उसे घेरकर डंक मारने शुरू कर दिए। अचानक हुए इस हमले से रोलो को भागने का अवसर भी नहीं मिला। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मधुमक्खियों के विष से रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

मधुमक्खियों के व्यवहार का अध्ययन करनेवाले रवींद्र साठे कहते हैं कि मधुमक्खियां अकारण किसी पर हमला नहीं करती, लेकिन यदि उन्हें अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस होता है, तो वह अपने शत्रु को छोड़ती भी नहीं हैं।

## पहलगाम हमले से सीजफायर तक..., विदेश सचिव संसदीय समिति को पाक से संघर्ष की जानकारी देंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश सचिव विक्रम मिसरी सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बारे में संसदीय समिति को जानकारी देंगे। यह बैठक पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने और उसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाइयों की पृष्ठभूमि में हो रही है। मिसरी सोमवार और मंगलवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति को भारत और पाकिस्तान को लेकर विदेश नीति से जुड़े घटनाक्रम के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता वाली जल संसाधन संबंधी समिति को विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों द्वारा बाढ़, नदी तटों की सुरक्षा और मानसून के दौरान राहत उपायों सहित सीमा पार बहने वाली नदियों जैसे मुद्दों पर जानकारी दी जाएगी।

विदेश मंत्री जयशंकर करेंगे तीन देशों की यात्रा - वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान आतंकवाद को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन को उजागर किए जाने की उम्मीद है। बता दें कि भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के बाद यह जयशंकर की पहली विदेश यात्रा होगी। यह यात्रा भारत की चल रही कूटनीतिक गतिविधियों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रणनीतिक संबंधों को गहरा करना और प्रमुख यूरोपीय साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाना है।

## तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे EAM जयशंकर, आतंक के मुद्दे पर पाक को घेरेगा भारत



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान आतंकवाद को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन को उजागर किए जाने की उम्मीद है।

बता दें कि भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के बाद यह जयशंकर की पहली विदेश यात्रा होगी। यह यात्रा भारत की चल रही कूटनीतिक गतिविधियों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रणनीतिक संबंधों को गहरा करना और प्रमुख यूरोपीय साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाना है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन, वसूली करने वाले 350 से अधिक उग्रवादी अब तक गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने अब तक जबरन वसूली करने वाले 350 से अधिक उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान फरवरी के मध्य से चला था। ये वैवाहिक विवादों के समाधान तथा सरकारी टेंडर में हिस्सा मांगते थे।

प्रशासन द्वारा आम जनता को निर्देश जारी किया गया है कि वे किसी भी जबरन वसूली के प्रयास की सूचना पुलिस को दें। अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति शासन के बाद सुरक्षाबलों के दबाव का सामना कर रहे उग्रवादियों को फंडिंग नहीं हो रही है। इससे वे काफी परेशान हैं।

उग्रवादी सुलझाते हैं वैवाहिक विवाद- अधिकतर उग्रवादियों को इंफाल पूर्वी क्षेत्र से तथा इसके बाद इंफाल पश्चिमी क्षेत्र से पकड़ा गया है। अधिकारियों ने कहा कि वे व्यक्तिगत झगड़े, पारिवारिक झगड़े और यहां तक कि वैवाहिक विवाद भी सुलझाते हैं। हाल ही में मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी से टाइगर नामक एक व्यक्ति को उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक वैवाहिक विवाद को सुलझाने के काम में लगा था।

पुलिस ने बरामद किए लाखों रुपये और मोबाइल- बाद में उसकी पहचान प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) से जुड़े लैशराम रमेश सिंह के रूप में हुई। उसने धमकियां देकर इंफाल और इसके आसपास के इलाकों में स्थित सरकारी अधिकारियों से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने की बात कुबूल की है। उसके पास से दो मोबाइल और 21,50,000 रुपये की जबरन वसूली की रकम बरामद की गई।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य में जबरन वसूली मुख्य रूप से प्रतिबंधित यूएनएलएफ, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए), कांगलेई यावोल कानबा लुप (केवाईकेएल) और पीपुल्स रिवाल्यूशनरी पार्टी आफ कांगलेईपाक (पीआरईपीएके) के लोगों द्वारा की जा रही है। वर्तमान में यूएनएलएफ के सदस्यों की संख्या 530 है। इसके बाद पीएलए के 450 तथा केवाईकेएल के 25 सदस्य हैं। यूएनएलएफ अतीत में बड़े पैमाने पर जबरन वसूली में शामिल रहा है।

# गिफ्ट देने के बहाने आया कातिल और चलाने लगा गोली...सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की गई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलंबिया के कुकुटा शहर में 22 साल की सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर मारिया जोस एस्टुपिनन सांचेज को इसी सप्ताह उनके घर के बाहर गोली मार दी गई थी। उन्हें गोली तब मारी गई जब वह एक शख्स से कथित तौर पर गिफ्ट रिसीव करने के लिए घर के दरवाजे तक गई थीं।

कोलंबिया की लोकल मीडिया आउटलेट नोटिशियस कैराकोल की रिपोर्ट के अनुसार, इन्फ्लूएंसर मारिया जोस शहर के ला रिवेरा के आसपास के इलाके में रहती थीं। घटना के वक्त वह अपने घर पर थीं, तब डिलीवरीमैन के भेष में एक शख्स उनके दहलीज तक आ पहुंचा। मारिया जोस को लगा जैसे उनके लिए कोई गिफ्ट लेकर पहुंचा है, जैसे ही वह गिफ्ट रिसीव करने उसके पास पहुंची उसे गोली मार दी गई।

सीसीटीवी में भागता दिखा संदिग्ध- पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में संदिग्ध शख्स को मारिया जोस को गोली मारने के बाद उसके घर से भागते हुए देखा गया है। इसके अलावा पीछे से मदद की गुहार के लिए चीखों की आवाज भी सुनी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, घटना के तुरंत बाद मारिया को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर 1ः00 बजे के आसपास हुई। कुकुटा के मेट्रोपोलिटन पुलिस के कर्नल लियोनार्डो कैपाचो ने कहा, ÷उसकी हत्या एक ऐसे व्यक्ति ने की, जो पार्सल पहुंचाने का ढोंग कर रहा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारिया जोस एस्टुपिनन सांचेज एक रसूखदार शख्सियत थीं। उनपर ये हमला तब हुआ जब ठीक एक दिन पहले अपने पूर्व प्रेमी के खिलाफ घरेलू हिंसा का एक मामला जीता था। इसके लिए जोस को लगभग 7,000 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा मिला था। कैनाल टीआरओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी अब पूर्व प्रेमी को एक प्रमुख संदिग्ध के तौर पर जांच रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि अदालत में मिली जीत का उसकी हत्या से कोई संबंध हो सकता है।

कॉलेज स्टूडेंट और मॉडल थीं मारिया

अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सुरक्षा फुटेज में जैकेट, जींस और बैकपैक के साथ काली टोपी पहने हुए मुख्य संदिग्ध की तलाश कर रही है। पैम्प्लोना विश्वविद्यालय में सामाजिक संचार का अध्ययन करने वाली सातवें सेमेस्टर की छात्रा मारिया जोस सांचेज अक्सर सोशल मीडिया पर एक मॉडल और एक छात्र के तौर पर अपनी जिंदगी और रहन सहन के तौर-तरीकों को लेकर पोस्ट करती थीं। इससे उनकी खासा पहचान भी बन गई थी। मारिया पर यह हमला मैक्सिकन इन्फ्लुएंसर वेलेरिया मार्केज की लाइव स्ट्रीम के दौरान गोली मारकर हत्या किए जाने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

टिकटॉकर को भी डिलीवरीमैन के तौर पर पेश किए गए एक व्यक्ति ने निशाना बनाया था। उसकी हत्या को %फेमिसाइड% करार दिया गया है और इसकी जांच की जा रही है।

# वुहान के एक रेस्टोरेंट में गोलीबारी, एक की मौत और दो लोग घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के वुहान शहर के आउटडोर रेस्टोरेंट से गोलीबारी की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है यहां गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक पुलिस बयान में कहा गया कि इस घटना में रविवार रात को दो अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है ये जानबूझकर चोट पहुंचाने जैसा मामला प्रतीत हो रहा है।

इस घटना से संबंधित सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया गया। सोशल मीडिया पोस्ट में घटना को गोलीबारी बताया गया और एक व्यक्ति को कुर्सी पर झुका हुआ और दूसरे व्यक्ति को जमीन पर लेटे हुए दिखाया गया है। हालांकि अभी तक पूरी तरह ये स्पष्ट नहीं हो पाया है इस घटना में किस हथियार का इस्तेमाल किया गया था।



कहां हुआ हमला- चीन में सख्त बंदूक नियंत्रण कानून हैं और ऐसे में बंदूक हिंसा की रिपोर्टें सामने आना हैरान करता है। रविवार को हुआ हमला ऐसे इलाके में हुआ, जहां कई रेस्टोरेंट हैं, जहां बाहर बैठने की जगह है और कटार पर बारबेक्यू किया हुआ मांस परोसा जाता है।

वहीं घटना के बाद का भी वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसे अब हटा दिया गया है। इस वीडियो में रात के समय रोशनी के सामने चारों और लोगों की भीड़ दिखाई गई थी।

2010 में भी सामने आया था ऐसा मामला- वहीं बता दे इससे पहले 2010 में, एक व्यक्ति ने एक छोटे से स्वचालित हथियार से फायरिंग करते हुए मध्य चीन के एक न्यायालय कार्यालय में घुसकर तीन न्यायाधीशों की हत्या कर दी और फिर खुद को मार डाला। कथित तौर पर वह अपने और अपनी पत्नी के बीच एक संपत्ति विवाद में एक फैसले को लेकर न्यायालय के खिलाफ रंजिश रखता था, जो तलाक ले रहे थे।

वुहान मध्य चीन में यांग्त्ज़ी नदी पर एक इंडस्ट्रियल शहर है। चीनी सरकार ने 2020 की शुरुआत में महामारी के पहले बड़े प्रकोप में शहर को बंद कर दिया था।

## अच्छी भावना नहीं दिखाने वाले देशों पर लागू होगा बढ़ा हुआ टैरिफ, पारस्परिक शुल्क पर अमेरिका की अहम टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। जो देश टैरिफ रेट को लेकर अच्छी भावना प्रदर्शित नहीं करेंगे या समझौते को लेकर हो रही वार्ता को टालेंगे, उन पर दो अप्रैल को लागू हुआ टैरिफ फिर से लागू हो जाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कही है।

विदेशी वस्तुओं के आयात पर यह शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों पर बढ़ाया था। लेकिन उसके बाद मंदी की आशंका से नौ अप्रैल को यह शुल्क कम कर 10 प्रतिशत कर दिया।

कम शुल्क की व्यवस्था केवल 90 दिन रहेगी लागू- बेसेंट ने कहा, कम शुल्क की व्यवस्था केवल 90 दिन लागू रहेगी। इस दौरान व्यापार करने वाले देशों को अमेरिकी माल पर लगने वाले टैरिफ को कम करना होगा और अमेरिका भी उसी के आधार पर अपना टैरिफ निर्धारित करेगा। नई शुल्क व्यवस्था के लिए भारत सहित कई देशों ने अमेरिका से वार्ता शुरू कर दी।

चीन के साथ टैरिफ व्यवस्था पर अमेरिका की बनी बात - पिछले हफ्ते इस तरह की वार्ता चीन के साथ पूरी हुई है। नई व्यवस्था में चीनी सामान पर अमेरिका 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि अमेरिकी माल पर चीन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

## बाइडन योद्धा हैं, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को हुआ कैंसर; कमला हैरिस ने जताया दुख



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं। अब ऐसे में कई अमेरिकी नेताओं ने उनकी बीमारी को लेकर दुख जताया है और साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थनाएं कर रहे हैं। इनमें अमेरिकी की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी शामिल हैं। एक्स पर एक पोस्ट में हैरिस और उनके पति डगलस एमहॉफ ने बाइडन के स्वास्थ्य को लेकर दुख जताया है। एक्स पर एक पोस्ट में हैरिस ने कहा, बाइडन एक योद्धा हैं, और मुझे पता है वो इस चुनौती का सामना इसी ताकत और उम्मीद के साथ करेंगे। हम इस समय उनके, डॉ बाइडन और उनके पूरे परिवार के लिए अपने दिल से प्रार्थना करते हैं। हम उनके पूर्ण और जल्द स्वस्थ होने की आशा करते हैं।

यह बयान बाइडन के कार्यालय की तरफ से उनकी बीमारी के बारे में खुलासा किए जाने के बाद आया है। बताया जा रहा है उनका कैंसर हड्डी तक फैल गया है। वह वर्तमान में अपने परिवार के साथ इलाज के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ, पुर्तगाल में पाकिस्तानी कर रहे थे प्रदर्शन; भारतीय दूतावास ने बोलती

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत-पाकिस्तान में तनाव जारी है। हालांकि दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई है। इस बीच पुर्तगाल में स्थित भारतीय दूतावास ने पाकिस्तानी को सख्त जवाब दिया है।




पुर्तगाल में पाकिस्तानी समर्थकों की तरफ से भारतीय दूतावास के पास किए गए विरोध प्रदर्शन का भारत ने कड़ा जवाब दिया है।

भारतीय दूतावास ने कहा, हमारे चांसरी भवन के पास पाकिस्तान की तरफ से आयोजित कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ दिया गया। दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके सहयोग के लिए हम पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। भारत ऐसी हरकतों से नहीं डरेगा। हमारा संकल्प अटल है।

दूतावास की तरफ से शेयर की गई तस्वीरों में भारतीय चांसरी भवन पर पोस्टर लगे हुए हैं, जिन पर लिखा है, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

वहीं पुनीत रॉय कुंडल ने एक्स पर लिखा, दूतावास के बाहर पाकिस्तान द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन का हमारी ओर से जवाब मौन है, लेकिन ये एक मजबूत और दृढ़ संदेश के साथ जवाब दिया गया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूतावास के सभी अधिकारी इस बात पर अडिग थे।

वहीं इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर को लेकर16 मई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और जो कुछ भी हुआ वह सिर्फ एक ट्रेलर था। भुज एयरफोर्स स्टेशन पर एयर वॉरियर्स को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हमने पाकिस्तान को प्रोबेशन पर रखा है।

## कौन हैं एक्ट्रेस नुसरत फारिया? ढाका एयरपोर्ट से हुई गिरफ्तार; कभी शेख हसीना की बायोपिक में किया था लीड रोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की मशहूर एक्ट्रेस नुसरत फारिया को इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है। नुसरत शेख हसीना की बायोपिक मुजीब द मेकिंग ऑफ ए नेशन में शेख हसीना का किरदार निभाकर फेमस हुई हैं। 31 साल की नुसरत को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर से गिरफ्तार किया गया, जब वह थाईलैंड के लिए उड़ान भरने वाली थीं।

दरअसल उनका नाम एक हत्या की कोशिश से जुड़े मामले में सामने आया है। उन पर ये मामला पिछले साल जुलाई में हसीना के खिलाफ हुए जन आंदोलन के दौरान दर्ज हुआ था।



जमानत के लिए अदालत में लगाई गुहार- फारिया के वकील ने जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है और अदालत 22 मई को जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी। यह मामला पिछले साल हुए विरोध प्रदर्शनों से जुड़ा है, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था और बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की स्थापना की गई थी। एक्ट्रेस के नाम एक छात्र की हत्या का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एक्ट्रेस को थाईलैंड की यात्रा करनी थी, लेकिन उन्हें ढाका एयरपोर्ट पर रोक दिया गया।

फारिया शेख मुजीबुर रहमान पर बनी फिल्म मुजीब द मेकिंग ऑफ ए नेशन में पूर्व बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध हैं, जो दिग्गज फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित एक बायोपिक है।

# बलूचिस्तान में बम ब्लास्ट से 4 लोगों की मौत और 20 घायल, कई इमारतों को नुकसान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू हो गया है। इस बीच पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत से बम धमाके की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है बम धमाके में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं। बलूचिस्तान के किला अब्दुल्ला जिले में जब्बार मार्केट के पास रविवार को विस्फोट हुआ, जिससे इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और दहशत फैल गई।



विस्फोट के बाद कई दुकानें ढह गईं और कई प्रतिष्ठानों में आग लग गई। इस सिलसिले में डिप्टी कमिश्नर रियाज खान का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा-विस्फोट में चार लोग मारे गए हैं और 20 अन्य घायल हुए हैं। डिप्टी कमिश्नर ने आगे कहा, यह मार्केट फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) किले की पिछली दीवार के पास स्थित है।

कब हुआ धमाका- विस्फोट के बाद, अज्ञात हमलावरों और एफसी कर्मियों के बीच थोड़ी देर के लिए गोलीबारी हुई। यह विस्फोट खुजदार जिले के नाल इलाके में एक चेक पोस्ट पर अज्ञात हथियारबंद लोगों की तरफ से किए गए घातक बंदूक हमले में चार लेवी कर्मियों की जान जाने के कुछ दिनों बाद हुआ।

# हमारा देश कोई धर्मशाला नहीं है..., सुप्रीम कोर्ट ने क्यों की इतनी सख्त टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। शरणार्थियों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक की भारत में शरणार्थी के तौर पर रहने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर से शरणार्थियों को रखा जा सके।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ एक श्रीलंकाई नागरिक की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता को 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम से जुड़े होने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था।

श्रीलंका वापस क्यों नहीं जाना चाहता याचिकाकर्ता- 2018 में एक ट्रायल कोर्ट ने उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और उसे 10 साल जेल की सज़ा सुनाई। 2022 में, मद्रास उच्च न्यायालय ने उसकी सज़ा को घटाकर सात साल कर दिया। हालांकि, सजा पूरा होते ही उसने श्रीलंका वापस जाने से मना कर दिया।

उसने दलील दी कि श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है इसलिए उसे भारत में शरणार्थी के तौर पर रहने की इजाजत दी जाए। याचिकाकर्ता ने ये भी बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे भी भारत में ही हैं।

याचिकाकर्ता के इस तर्क पर न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, क्या भारत को दुनिया भर से शरणार्थियों की मेजबानी करनी है? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है कि हम हर जगह से विदेशी नागरिकों का स्वागत कर सकें।÷

याचिकाकर्ता के वकील ने संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा) और अनुच्छेद 19 के तहत मामले पर बहस की थी।

## ऑपरेशन सिंदूर ने तीनों सेनाओं का तालमेल दिखाया, रक्षा मंत्रालय ने कहा खुफिया जानकारी पर आधारित थी कार्रवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपसी समन्वय की शक्ति और रणनीतिक दूरदृष्टि का प्रदर्शन किया है। इस ऑपरेशन में तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया प्रदर्शित हुई, जिसमें सटीकता, पेशेवर अंदाज और उद्देश्य की झलक मिली।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई सावधानीपूर्वक तैयार योजना और खुफिया जानकारी पर आधारित दृष्टिकोण पर केंद्रित थी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि ऑपरेशन न्यूनतम क्षति के साथ संचालित किया गया।

प्रभावी ढंग से निष्प्रभावी हुए हमले- इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने प्रमुख भारतीय वायु सैनिक अड्डों और साजो-सामान संबंधी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर हमले शुरू किए। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि इन कोशिशों को भारत की व्यापक और बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली द्वारा प्रभावी ढंग से निष्प्रभावी कर दिया गया। इस सफलता का मुख्य कारण एकीकृत कमान और नियंत्रण रणनीति (आईसीसीएस) थी, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक समय में खतरे की पहचान, आकलन और रोकथाम को संभव बनाया।

## एअर इंडिया की फ्लाइट के यात्रियों की हुई फजीहत, दिल्ली से पटना जाने वाले विमान का AC खराब



नई दिल्ली (एजेंसी)। विमान से यात्रा करने वाले यात्रियों की शिकायतों में इन दिनों इजाफा देखने को मिला है। हाल में ही एअर इंडिया की फ्लाइट में बैठे कुछ यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल, दिल्ली एअरपोर्ट पर यात्रियों ने शिकायत की है कि रविवार को उन्हें बिना एअर कंडीशन वाले विमान में बैठाया गया, जिसके कारण उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, एअर इंडिया की एक फ्लाइट दिल्ली से पटना जाने वाली थी। इस विमान में बैठे यात्रियों ने शिकायत की है कि उनको एसी ना चलने के कारण यात्रा के दौरान परेशानी हुई। एक वीडियो भी इससे संबंधित पोस्ट किया है।

विमान में बैठे यात्रियों ने बताई पूरी बात - इस विमान में बैठे राष्ट्रीय जनता दल के विधायक ऋषि मिश्रा फ्लाइट के अंदर का दृश्य दिखाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि यह पटना के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट है। आज 18 मई है और शाम के 4 बजे हैं। हम एक घंटे से बिना एयर-कंडीशनिंग के विमान के अंदर हैं। आप देख सकते हैं कि हमें कितना पसीना आ रहा है। बच्चे प्रभावित हैं, कई लोग प्रभावित हैं, लेकिन इस मामले को देखने वाला कोई नहीं है।

# खेल-खेल में कार के अंदर घुसे, नहीं खुला दरवाजा; दम घुटने से चार मासूमों की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दम घुटने की वजह से चार बच्चों की मौत हो गई। सभी बच्चे कार में फंस गए थे और कार अंदर से लॉक हो गई। कार के शीशे बंद थे, जिसकी वजह से बच्चे सांस नहीं ले पाए और उन्होंने कार में ही दम तोड़ दिया।

यह घटना विजयनगरम के द्वारपुड़ी गांव की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार की सुबह बच्चे खेलने के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक जब बच्चे घर वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। आखिर में सभी की लाश एक कार में मिली।

जांच में पता चला कि कार गांव के महिला सामुदायिक केंद्र की पार्किंग में खड़ी थी। बच्चे खेलते-खेलते कार में बैठ गए और कार का दरवाजा अचानक बंद हो गया। कार के सारे शीशे भी लॉक थे। ऐसे में बच्चों को पर्याप्त आक्सीजन नहीं मिली, जिससे उनकी मौत हो गई।

चारों बच्चों की हुई पहचान- कार हादसे में मृतक बच्चों की पहचान 8 वर्षीय उदय, 8 वर्षीय चारूमति, 6 वर्षीय करिश्मा और मनस्विनी के रूप में हुई है। बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। आंध्र प्रदेश के मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवासन ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

आंध्र प्रदेश के मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवासन के अनुसार, सभी बच्चे गांव की एक शादी में शिरकत करने आए थे। घटनास्थल पर कुल 9 बच्चे खेल रहे थे। इनमें से 4 बच्चे खेलते-खेलते कार में बैठ गए और दरवाजा बंद हो गया।

मंत्री ने दी सांत्वना- कोंडापल्ली श्रीनिवासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने माता-पिता को बच्चों की खास देखभाल करने और हमेशा उनके आसपास रहने का मशवरा दिया है, जिससे इस तरह की घटना फिर कभी न हो सके।

# बेंगलुरु में बारिश से हाहाकार, सड़कें बनीं तालाब, जायजा लेने बुलडोजर से पहुंचे विधायक



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र और कर्नाटक में इन दिनों मूसलाधार बारिश हो रही है। बेमौसम की इस बरसात से बेंगलुरु की सड़कें पूरी तरह से सराबोर हो गई हैं। बेंगलुरु में भारी जलभराव के कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं। पिछले 48 घंटों से बेंगलुरु में लगातार तेज बारिश देखने को मिल रही है।

भारी बारिश से बेंगलुरु के निचले क्षेत्रों में काफी पानी भर गया है। बारिश, आंधी और तूफान के बीच कई पेड़ सड़कों पर गिर पड़े हैं, जिससे लंबा जाम लग गया है। लोग घंटों तक जाम में खड़े रहने को मजबूर हैं।

बेंगलुरु में जल निकाली ठप- बेंगलुरु में जलभराव की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आ रहे हैं। इनमें बेंगलुरु के ड्रेनेज सिस्टम का खस्ताहाल देखा जा सकता है। बेंगलुरु में जल निकासी व्यस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, जिसके कारण गली-मोहल्लों में जमा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है।

15 जिलों में भरा लबालब पानी

बारिश से कर्नाटक के प्रभावित शहरों की बात करें तो इस लिस्ट में बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, कोलार, चिक्कबल्लापुरा, तुमकुरु, मांड्या, मैसूर, हसन, कोडागु, बेलगावी, बीदर, रायचूर, यादगीर, दावणगेरे और चित्रदुर्ग का नाम शामिल है। बेंगलुरु प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाना शुरू कर दिया है।

बेंगलुरु में भारी बारिश और जलभराव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आलम यह है कि इलाके जायजा लेने पहुंचे विधायक बी बसवराज को भी जेसीबी से आना पड़ा। बसवराज ने बुलडोजर पर सवार होकर पूरे क्षेत्र का दौरा किया है। वहीं, जिन इलाकों में पानी ज्यादा भरा है, वहां जेसीबी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# हैदराबाद को दहलाने की साजिश नाकाम, ISIS से जुड़े दो शख्स गिरफ्तार; बम बनाने का सामान बरामद



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि आतंक के आका भी बौखलाए हुए हैं। भारत में इसे लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सभी राज्यों की पुलिस को एक्सट्रा अलर्ट रहने के आदेश दिए गए हैं। पिछले दिनों यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा समेत 6 लोगों को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब हैदराबाद पुलिस ने 2 अन्य लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार, 29 साल के सुराज उर्फ रहमान और 28 वर्षी सईद समीर हैदराबाद में बम ब्लास्ट की तैयारी कर रहे थे। पुलिस को शक है कि दोनों सऊदी अरब स्थित ढ्ढस्ढ्ढस् के संपर्क में हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से गिरफ्तार किया है। इसके लिए तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया था। पुलिस ने पहले रहमान को शक के आधार पर गिरफ्तार किया। वहीं, पुलिस की पूछताछ में रहमान ने सारा सच उगल दिया और सईद समीर का भी नाम लिया, जिसके बाद पुलिस ने समीर को हैदराबाद से हिरासत में लिया।

बम बनाने का सामान बरामद- पुलिस अधिकारियों के अनुसार रहमान और सईद के पास भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ मिले हैं। दोनों के घर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर बरामद किया गया है, जिनका इस्तेमाल बम बनाने के लिए किया जाता है। दोनों आरोपी पुलिस की हिरासत में हैं। उन्हें जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा।

6 खुफिया एजेंट्स भी हुए थे गिरफ्तार- बता दें कि इससे पहले पुलिस ने देश के अलग-अलग कोनों से 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस लिस्ट में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का नाम भी शामिल है। सभी पर ढ्ढस्ढ्ढस् के खुफिया एजेंट होने का आरोप है। खासकर ज्योति पर आरोप है कि ढ्ढस्ढ्ढस् के खुफिया एजेंट्स के संपर्क में थीं और भारत की कई संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान भेज रहीं थीं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत   कुश : पवित्र तृण



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण अष्ठमी


## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर भारत को बौद्धिक क्षमता में सर्वश्रेष्ठ देश कहा जाता है....



वैश्विक स्तरपर भारत को बौद्धिक क्षमता में सर्वश्रेष्ठ देश कहा जाता है, इसमें कोई दो राय नहीं है।क्योंकि कभी गुलामी की जंजीरों में जकड़ा भारत, आज के परिपेक्ष में विश्व के अनेक देशों में मूल भारतीय या तो राज कर रहे हैं या फिर बड़े पदों के माध्यम से राजकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, क्योंकि भारत के काम करने की रणनीति अलग ही है जो भारत की मिट्टी मैं समय हुई है। हथियारों से हमला करके तो एक झटके में किसी को भी समाप्त किया जा सकता है, परंतु दुनियाँ के सामने उसकी सच्चाई को उजागर कर, उसे तिल-तिल हर पल हर दिन अपमान में जीने पर मजबूर करता है, हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस स्थिति को ऑपरेशन सच्चाई का नाम दे रहे हैं। अभी भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सर्जिकल स्ट्राइक की सफ़लता को अंजाम दिया है, जिसमें हथियारों का उपयोग हुआ था।अब भारत के सर्वदलीय 7 प्रतिनिधि मंडलों जिसमें करीब सभी दलों के व अन्य सामान्य 59 प्रतिनिधि शामिल होंगे,जो दुनियाँ के कोने-कोने में जाकर मित्र देशों के पास, पाक की अंदरूनी सच्चाई बताकर उसे बेनकाब करेंगे,जिसे मैं इस आर्टिकल के माध्यम से ऑपरेशन सच्चाई का नाम दे रहा हूं। चूँकि पूरी दुनियाँ में आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडलों को भेजना भारत की पारंपरिक जबरदस्त रणनीति लाज़वाब है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से,चर्चा करेंगे दुनियाँ में जाकर भारत का पक्ष रखेंगे सर्वदलीय सांसद सात,पाक़ को देंगे मात, आतंकवाद के प्रति पूरा विश्व होगा शून्य सहिष्णुता के साथ।


साथियों बात अगर हम पाक के आतंकवाद के खिलाफ़ पूरी दुनियाँ में संदेश पहुंचाने की सरकार की रणनीति की करें तो, ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार की दुनियाँ में पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ़ संदेश पहुंचाने के लिए विश्व के अलग अलग देशों में अपना प्रतिनिधि मंडल भेज रही है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाँभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे और पाकिस्तान को घेरने की कोशिश करेंगे। वहीं, अब केंद्र सरकार ने सभी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सांसदों के नाम घोषित कर दिये हैं।

हरएक प्रतिनिधि मंडल में सात से आठ सांसदों और कई राजनयिकों को शामिल किया गया है। हर प्रतिनिधिमंडल चार से पांच देशों का दौरा करेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने अपने पोस्ट की शुरुआत, एक मिशन,एक संदेश, एक भारत से की। साथ ही उन्होंने सभी सांसदों और प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं की सूची भी साझा की।

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपने जीरो टॉलरेंस के संदेश को वैश्विक पटल पर मजबूती से रखने के लिए इस महीने के अंत में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख साझेदार देशों में भेजेगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि आतंक वाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाते हुए,ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख देशों से मिलेंगे।

(1) सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे।इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी,सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन शृंगला जाएंगे।

# राजकुमार शुक्ल



राजकुमार शुक्ल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय बिहार के चंपारण के निवासी और स्वतंत्रता सेनानी थे। ये राजकुमार शुक्ल ही थे जिन्होंने गांधीजी को चंपारण आने को बाध्य किया और आने के बाद गांधीजी के बारे में मौखिक प्रचार करके सबको बताया ताकि जनमानस गांधी पर भरोसा कर सके और गांधी के नेतृत्व में आंदोलन चल सके।


### चंपारण सत्याग्रह में योगदान

महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह में दर्जनों नाम ऐसे रहे जिन्होंने दिन-रात एक कर गांधी का साथ दिया। अपना सर्वस्व त्याग दिया। उन दर्जनों लोगों के तप, त्याग, संघर्ष, मेहनत का ही असर रहा कि कठियावाड़ी ड्रेस में पहुंचे बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी चंपारण से 'महात्मा' बनकर लौटते हैं और फिर भारत की राजनीति में एक नई धारा बहाते हैं। गांधी 1917 में चंपारण आए तो सबने जाना। गांधीजी के चंपारण आने के पहले भी एक बड़ी आबादी निलहों से अपने सामर्थ्य के अनुसार बड़ी लड़ाई लड़ रही थी। उस आबादी का नेतृत्व शेख गुलाब, राजकुमार शुक्ल, हरबंश सहाय, पीर मोहम्मद मुनिश, संत राउत, डोमराज सिंह, राधुमल मारवाड़ी जैसे लोग कर रहे थे। यह गांधीजी के चंपारण आने के करीब एक दशक पहले की बात है। 1907-08 में निलहों से चंपारण वालों की भिड़ंत हुई थी। यह घटना कम ऐतिहासिक महत्व नहीं रखती। शेख गुलाब जैसे जांबाज ने तो निलहों का हाल बेहाल कर दिया था। चंपारण सत्याग्रह का अध्ययन करने वाले भैरवलाल दास कहते हैं, 'साठी के इलाके में शेख ने तो अंग्रेज बाबुओं और उनके अर्दलियों को पटक-पटककर मारा था। इस आंदोलन में चंपारण वालों पर 50 से अधिक मुकदमे हुए और 250 से अधिक लोग जेल गये। शेख गुलाब सीधे भिड़े तो पीर मोहम्मद मुनिश जैसे कलमकार 'प्रताप' जैसे अखबार में इन घटनाओं की रिपोर्टिंग करके तथ्यों को उजागर कर देश-दुनिया को इससे अवगत कराते रहे। राजकुमार शुक्ल जैसे लोग रैयतों को आंदोलित करने के लिए एक जगह से दूसरी जगह की भाग-दौड़ करते रहे।'

### राजकुमार शुक्ल और गाँधीजी

1909 में गोरले नामक एक अधिकारी को भेजा गया। तब नील की खेती में पंचकठिया प्रथा चल रही थी यानी एक बीघा जमीन के पांच कट्ठे में नील की खेती अनिवार्य थी। 'इस आंदोलन का ही असर रहा कि पंचकठिया की प्रथा तीनकठिया में बदलने लगी यानी रैयतों को पांच की जगह तीन कट्ठे में नील की खेती करने के लिए निलहों ने कहा।' 'गांधीजी के आने के पहले चंपारण में इन सारे नायकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।' इनमें कौन महत्वपूर्ण नायक था, तय करना मुश्किल है। सबकी अपनी भूमिका थी, सबका अपना महत्व था, लेकिन 1907-08 के इस आंदोलन के बाद गांधी को चंपारण लाने में और उन्हें सत्याग्रही बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही राजकुमार शुक्ल की। ये राजकुमार शुक्ल ही थे जो गांधीजी को चंपारण लाने की कोशिश करते रहे। गांधीजी को चंपारण बुलाने के लिए एक जगह से दूसरी जगह दौड़ लगाते रहे। चिट्ठियां लिखवाते रहे।

चिट्ठियां गांधीजी को भेजते रहे। पैसे न होने पर चंदा करके, उधार लेकर गांधीजी के पास जाते रहे। कभी अमृत बाजार पत्रिका के दफ्तर में रात गुजारकर कलकत्ता (अब कोलकाता) में गांधीजी का इंतजार करते रहते, कई बार अखबार के कागज



को जलाकर खाना बनाकर खाते तो कभी भाड़ा बचाने के लिए शवयात्रा वाली गाड़ी पर सवार होकर यात्रा करते। राजकुमार शुक्ल के ऐसे कई प्रसंग हैं। खुद गांधीजी ने अपनी आत्मकथा 'माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रूथ' में राजकुमार शुक्ल पर एक पूरा अध्याय लिखा है।

### रॉलेट एक्ट का विरोध

राजकुमार शुक्ल की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण अध्याय गांधीजी के चंपारण से चले जाने के बाद का है, जिस पर अधिक बात नहीं होती। उनके जाने के बाद भी शुक्ल का काम जारी रहता है। रॉलेट एक्ट के विरुद्ध वे ग्रामीणों में जन जागरण फैलाते रहे। इस एक्ट को मार्च, 1919 में अंग्रेजों ने भारत में उभर रहे राष्ट्रीय आंदोलन को कुचलने के उद्देश्य से बनाया था। यह कानून सर सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर बनाया गया था। इसके अनुसार ब्रितानी सरकार को यह अधिकार प्राप्त हो गया था कि वह किसी भी भारतीय पर अदालत में बिना मुकदमा चलाए और बिना दंड दिए उसे जेल में बंद कर सकती थी। इस कानून के तहत अपराधी को उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने वाले का नाम जानने का अधिकार भी समाप्त कर दिया गया था। इस कानून के विरोध में देशव्यापी हड़तालें, जुलूस और प्रदर्शन होने लगे। गांधीजी ने व्यापक हड़ताल का आह्वान किया। गौरतलब है कि जलियांवाला बाग़ में रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी, जिसमें अंग्रेज अधिकारी जनरल डायर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियां चलवा दी थीं। इस कानून के ख़िलाफ़ भी वे जनता को जागृत कर रहे थे। राजकुमार शुक्ल 1920 में हुए असहयोग आंदोलन में भी सक्रिय रहे। वे चंपारण में किसान सभा का काम कर रहे थे।

# 15 साल पूरे होने से पहले पीपीएफ से निकल जाएंगे पैसे, बस अपनाएं ये तरीका




नई दिल्ली (एजेंसी)। पीपीएफ एक सुरक्षित निवेश प्लेटफॉर्म है। इसके तहत निवेश करने पर 7 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल जाता है। इसमें आपको गारंटी रिटर्न मिलता है, जिसका मतलब है कि इसमें मिलने वाला लाभ शेयर बाजार पर निर्भर नहीं करता। पीपीएफ में खास बात ये है कि इसमें मिलने वाला पैसा टैक्स-फ्री होता है। वही इसमें आप लंबी अवधि के लिए निवेश करते हैं।

आमतौर पर लोग इसमें निवेश कर रिटायरमेंट के लिए पैसे जोड़ते हैं। वहीं इन पैसों का इस्तेमाल आप किसी बड़े काम जैसे शादी और बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए भी कर सकते हैं। आज हम जानेंगे कि किन स्थिति में आप पीपीएफ के तहत पहले निकासी कर सकते हैं।

मैच्योरिटी से पहले कैसे निकाले पैसे?

पीपीएफ में निवेश पैसों को आप 6 साल से पहले नहीं निकाल सकते। हालांकि 6 साल बाद कुछ स्थिति में आप जमा पैसों की निकासी कर सकते हैं।

बच्चों की उच्च शिक्षा- आप बच्चे की उच्च शिक्षा का खर्चा जैसे कॉलेज फीस या बढ़ती स्कूल फीस के लिए निकासी कर सकते हैं। इसके अलावा अगर किसी के बच्चे, पत्नी या पति को गंभीर या जानलेवा बीमारी हो जाती है, तो भी आप पीपीएफ के अंतर्गत जमा पैसों को निकाल सकते हैं।

हालांकि अगर आप अवधि पूरी होने से पहले पैसे निकालते हैं, तो आपको 1 फीसदी ब्याज कम हो जाता है।

कितने रुपये तक हो सकती है निकासी- इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक जिस वित्त वर्ष आप निकासी करने जा रहे हैं, उससे पहले चौथी वित्त वर्ष में जो राशि रही होगी, उस बैलेंस का 50 फीसदी निकाला जा सकता है। आप इन पैसों को एक साल में केवल एक बार ही निकाल सकते हैं।

पीपीएफ में निवेश पैसों को आप एसडब्लूपी में निवेश कर रिटायरमेंट के लिए स्थिर इनकम कमा सकते हैं। एसडब्लूपी के तहत एक तय पैसों की हर महीने निकासी हो जाती है। वहीं बाकी के बचे पैसे शेयर बाजार में निवेश किए जाते हैं।

## आकाशतीर बनाने वाली कंपनी के शेयर को खरीदने की लूट, रिकॉर्ड हाई पर भाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। डिफेंस सेक्टर की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयरों में 3ः तक चढ़कर 373.50 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक हाई प्राइस है। इसका पिछला बंद प्राइस 363.90 रुपये है। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, कंपनी अपने मार्च तिमाही के नतीजे जारी करेगी। ?373.50 के मौजूदा बाजार मूल्य पर रक्षा स्टॉक इस अवधि में लगभग 22 प्रतिशत बढ़ गया है। मासिक पैमाने पर, बीईएल के शेयर की कीमत पिछले महीने में 4 प्रतिशत की बढ़त और मार्च में 22 प्रतिशत की ठोस बढ़त के बाद मई में अब तक 17 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत की एयर डिफेंस सिस्टम ने अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने कई ड्रोन, मिसाइलों, माइक्रो यूएवी और घूमते हुए हथियारों को रोकने में मदद की, जिससे वे वैश्विक स्तर पर कार्रवाई योग्य रक्षा परिसंपत्ति के रूप में उभरे। सोमवार को भारतीय सेना ने प्रदर्शन किया कि किस प्रकार आकाश मिसाइल प्रणाली, एल-70 एयर डिफेंस गन सहित इंडियन एयर डिफेंस सिस्टम ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के शहरों को पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से बचाया।

## कोल इंडिया में बन रहा कमाई का मौका, जल्द आएगा कंपनी की दो सब्सिडियरीज का आईपीओ



नई दिल्ली (एजेंसी)। कोल इंडिया लिमिटेड में जल्द ही कमाई का मौका बनने जा रहा है। दरअसल, दुनिया की सबसे बड़ी कोयला कंपनी अपनी दो सब्सिडियरीज की शेयर बाजार में लिस्टिंग कराने जा रही है। इसके लिए शेयर मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जल्दी ही प्रॉस्पेक्टस फाइल किया जाएगा। किसी भी कंपनी के पब्लिक ऑफर से पहले सेबी के पास डीआरएचपी जमा कराना होता है।

कोल इंडिया की कौन सी सब्सिडियरीज लिस्ट होंगी- कोल इंडिया की दो सब्सिडियरी, भारत कोकिंग कोड लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाएगा। कोल इंडिया के डायरेक्टर (बिजनेस डेवलपमेंट) देबाशीष नंदा ने बताया कि हम जल्दी ही डीआरएचपी फाइल करने जा रहे हैं, उस पर काम चल रहा है। आईपीओ कब लाया जाए, यह बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

कोल इंडिया क्रिटिकल मिनरल के क्षेत्र में भी-कोल इंडिया की सात कोयला उत्पादन करने वाली सब्सिडियरी कंपनियां हैं। इनके अलावा एक सब्सिडियरी टेक्निकल कंसल्टेंसी के लिए है। भारत में 80% कोयला उत्पादन कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनियां ही करती हैं। देबाशीष नंदा ने बताया कि कोल इंडिया भारत के अलावा दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में क्रिटिकल मिनरल के खनन पर काम कर रही है। इसके अलावा कोल गैसीफिकेशन के तीन प्रोजेक्ट पर भी काम चल रहा है।

नंदा के अनुसार कोल इंडिया ओडिशा में 1600 मेगावाट के पावर प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। इस पर लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। इसी तरह का प्रोजेक्ट डीवीसी के साथ भी चल रहा है। करीब 17,000 करोड़ रुपये लागत वाले इस प्रोजेक्ट के लिए कोल इंडिया और डीवीसी में 50ः50 मालिकाना का ज्वाइंट वेंचर तय हुआ है।

## सेबी के रडार पर अडानी समूह के ये निवेशक, अब नियम नहीं मानने पर जुर्माना, लाइसेंस कैंसिल की भी धमकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी समूह की कंपनी से संबंधित एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि बाजार रेगुलेटरी सेबी ने अडानी समूह में निवेश करने वाले मॉरीशस के दो फंडों को धमकी दी है कि दो साल से लगातार अनुरोध के बावजूद शेयरधारिता डिटेल साझा न करने पर उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है और लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। यह जानकारी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में दी गई है। बता दें कि अडानी समूह और उसके 13 ऑफशोर निवेशक सेबी की जांच का सामना कर रहे हैं। दरअसल, साल 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने समूह पर शेयरों में हेरफेर समेत कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके कारण शेयरों की बिक्री में गिरावट आई थी। समूह ने बार-बार गलत काम करने से इनकार किया है और फिर उसके शेयरों में तब से सुधार हुआ है।

भारतीय नियमों के अनुसार, लिस्टेड कंपनियों के कम से कम 25ः शेयर पब्लिक शेयरधारकों के पास होने चाहिए, लेकिन हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि अडानी समूह ने उन नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि अडानी कंपनी की होल्डिंग वाले कुछ ऑफशोर फंड समूह से संबंधित थे।

## वोडाफोन आइडिया को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने एजीआर पर छूट देने से किया इनकार




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की तीसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया, एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज की ओर से एजीआर बकाया पर ब्याज, पेनल्टी और पेनल्टी पर ब्याज से छूट मांगने के लिए दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले,

वोडाफोन आइडिया ने दावा किया था कि अगर उसे राहत नहीं मिली तो वह मार्च 2026 के आगे काम जारी नहीं रख पाएगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की और दूरसंचार कंपनियों को राहत देने से इनकार कर दिया। इस फैसले से एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज पर ज्यादा असर तो नहीं पड़ेगा, लेकिन वोडाफोन आइडिया पर इससे ताला पड़ सकता है।

सोमवार को वोडाफोन आइडिया के शेयरों में जोरदार गिरावट देखने को मिली और यह 8.41 फीसदी गिरावट के साथ 6.75 रुपए पर बंद हुआ।

बता दें, पिछले हफ्ते वोडाफोन आइडिया ने सरकारी बकाए पर छूट के लिए सुप्रीम कोर्ट के सामने फिर से याचिका दायर की थी। वोडाफोन आइडिया बनाम भारत सरकार वाली इस याचिका में कंपनी ने कहा था कि बैंक फंडिंग के बिना कंपनी वित्त वर्ष 2025-26 से आगे काम नहीं कर पाएगी, क्योंकि उसके पास मार्च 2026 में देय दूरसंचार विभाग को 18,000 करोड़ रुपये की एजीआर किस्त का भुगतान करने की क्षमता नहीं है।

वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट से 83,400 करोड़ रुपये के लंबित एजीआर बकाये पर ब्याज, जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज से छूट मांगी थी, जो कुल मिलाकर 45,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इन भुगतानों पर सरकार ने कंपनी को चार साल का मोरटोरियम दिया था, जो आगामी सितंबर में समाप्त हो रहा है।

कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि बीते दिनों केंद्र सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम बकाया को इक्विटी में बदलने के बाद कंपनी ने फिर से लोन के लिए बैंकों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने एजीआर की किस्तों का समाधान होने तक लोन देने में असमर्थता जताई है।

## पांचवीं बार बोनस शेयर देगी यह कंपनी, शेयर खरीदने की मची लूट, 22 मई है अहम दिन



नई दिल्ली (एजेंसी)। कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के शेयर सोमवार को 4ः तक चढ़ गए थे। कंपनी के शेयर आज 756.70 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऐलान है। दरअसल, कंपनी ने घोषणा की है कि वह बोनस शेयरों पर विचार करने के लिए 22 मई, 2025 को बोर्ड मीटिंग आयोजित करेगी। उस प्रस्ताव के साथ ही, बोर्ड मार्च तिमाही की आय पर भी विचार करेगा। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि बोनस शेयर, यदि घोषित किए जाते हैं, तो अप्रूवल के अधीन होंगे। इसी के साथ यह कंपनी का पांचवां बोनस शेयर होगा। बता दें कि इससे पहले 2019 में कंपनी ने शेयरधारकों के पास मौजूद हर चार शेयर पर एक बोनस शेयर जारी करने की घोषणा की थी। 2017 में कंपनी ने शेयरधारकों के पास मौजूद हर चार शेयर पर एक फ्री शेयर भी जारी किया था। 2013 में कंटेनर कॉर्पोरेशन ने शेयरधारकों के पास मौजूद हर दो शेयर पर एक मुफ्त शेयर भी जारी किया था और 2008 में कंपनी ने शेयरधारकों के पास मौजूद हर एक शेयर पर एक फ्री शेयर जारी किया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# नीट यूजी को लेकर 11 और याचिकाएं दायर, 22 मई को एक साथ सुनवाई

इंदौर। चार मई को पूरे देश में आयोजित हुई नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट(अंडरग्रेजुएट) यानी नीट यूजी को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में 11 और याचिकाएं दायर की गई हैं। अब सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई 22 मई को होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को पहले लगी अव्यवस्था संबंधी याचिकाओं पर जवाब प्रस्तुत करते हुए कहा कि इंदौर के 11 परीक्षा केंद्रों पर बिजली गुल होने से अव्यवस्था तो हुई थी लेकिन इससे किसी परीक्षार्थी का पर्चा नहीं बिगड़ा है। बता दें कि इससे पहले 15 मई को एक याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नीट यूजी का परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी थी।

हालांकि एक दिन बाद ही कोर्ट ने आदेश में संशोधन करते हुए एनटीए को इंदौर के प्रभावित 11 सेंटरों के परीक्षा परिणाम को छोड़कर शेष का परीक्षा परिणाम घोषित करने की अनुमति दे दी थी।



कोर्ट ने एनटीए से प्रभावित परीक्षा केंद्रों की सूची और जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा था। सोमवार को न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर के न्यायालय में इस मामले में सुनवाई हुई।

केंद्र की ओर से एडवोकेट हिमांशु जोशी ने जवाब पेश किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि दायर 11 अन्य याचिकाओं में से कुछ में मांग की गई है कि इंदौर के 11 सेंटरों के परिणाम घोषित करने की अनुमति एनटीए को दी जाए।इधर एनटीए ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इंदौर के 11 परीक्षा केंद्रों पर बिजली गुल होने से अव्यवस्था तो हुई थी।

लेकिन इससे किसी परीक्षार्थी का पर्चा नहीं बिगड़ा है।

गौरतलब है कि चार मई हुई नीट यूजी के लिए इंदौर में 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

यहां मौसम में अचानक बदलाव हुआ।

जोरदार वर्षा के साथ 100 किमी. प्रतिघंटे से भी ज्यादा गति से हवा चली।

इससे कई परीक्षा केंद्रों की बिजली गुल हो गई।


कई सेंटरों पर परीक्षार्थियों को मोमबत्ती की रोशनी में परीक्षा देना पड़ी।

परीक्षा के दौरान हुई अव्यवस्था को लेकर ही याचिका दायर की गई है।

परीक्षार्थियों ने कहा, बिजली जाने से किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई

बताया जा रहा है कि जिन 11 याचिकाओं में सोमवार को सुनवाई हुई है, उनमें से कुछ में परीक्षार्थियों ने कहा है कि उन्हें बिजली गुल होने के कारण किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। इन याचिकाकर्ताओं का कहना है कि परीक्षा केंद्रों में प्राकृतिक प्रकाश था, जिससे वे अपनी उत्तर पुस्तिका को सही तरह से देख पा रहे थे, इसलिए परिणाम न रोका जाए।

## शादी में नाच रहे मामा ने चलाई गोली, भांजे के सिर के आर-पार निकली, फिर भी नाचता रहा आरोपी



अजय वास्कले, मृतक

आलीराजपुर। जिले के नानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तीती में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां विवाह समारोह में नाच रहे युवक के हाथ से देसी कट्टे से अचानक गोली चल गई। पास में ही नाच रहे 13 वर्षीय भांजे के सिर को भेदते हुए पार निकल गई। बालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना से विवाह समारोह में खलबली मच गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पूरी घटना कैद हुई है। गोली मारने के बाद भी नाचता रहा आरोपी

पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात की है। ग्राम तीती में विवाह समारोह था। इस दौरान सभी लोग नाच रहे थे। इस बीच खारी निवासी पवन चौहान ने अपना अवैध देसी कट्टा बाहर निकाला। वह नाचते हुए उसको लोड करने लगा। इस दौरान अचानक गोली चल गई।

पास ही नाच रहे उसके भांजे अजय मुकेश वास्कले के सिर को छलनी करती हुई पार हो गई। गोली लगते ही अजय गिर गया। हैरत यह है कि गोली चलने के बाद भी पवन को इसका पता नहीं चला। वह नाचता ही रहा। जैसे ही लोगों ने अजय को गिरते देखा, भगदड़-सी मच गई।पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार सूचना पर पुलिस पहुंची। आरोपी पवन को हिरासत में लेकर उसके पास से अवैध कट्टा बरामद किया। बालक का शव परीक्षण कराया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या और अवैध हथियार रखने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## फायर एनओसी के लिए भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र जरूरी, स्वीकृत नक्शे के अलावा नहीं कर पाएंगे निर्माण

जबलपुर। मध्य प्रदेश में स्वीकृत नक्शे के विपरीत भवन निर्माण या मनमाने तरीके से भवनों का विस्तार करने वालों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने फायर सेफ्टी अनुमोदन और फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) जारी करने से पहले भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र और अधिभोग अनुज्ञा को अनिवार्य कर दिया है।इस संबंध में निकायों के भवन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही फायर एनओसी दी जाए। नए नियमों का उद्देश्य अग्नि हादसों को रोकना और अवैध निर्माण पर अंकुश लगाना है। आयुक्त नगरीय प्रशासन सीबी चक्रवर्ती ने बताया कि इससे भवनों की सुरक्षा मजबूत होगी। नए नियमों का दायरा विभाग ने अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 5,000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल या 15 मीटर से ऊंचे सभी भवनों को नए नियमों के दायरे में शामिल किया है। इसके अलावा, 50 बेड से अधिक वाले होटल और अस्पतालों को भी इस श्रेणी में रखा गया है।

## लग्जरी कार न देने पर पीटा , कांग्रेस रूहनी सिंह बघेल पर छोटे भाई की पत्नी के आरोप, दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

भोपाल। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के विरूद्ध भोपाल के महिला थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला हनी सिंह की बहू और उनके छोटे भाई देवेंद्र सिंह बघेल की पत्नी काम्या सिंह बघेल की शिकायत पर दर्ज हुआ है। देवेंद्र और काम्या का विवाह 2018 में हुआ था। दोनों की दो जुड़वा बेटियां भी हैं।

शिकायत में काम्या ने बताया कि शादी के बाद से उनके पति देवेंद्र, सास चंद्रकुमारी सिंह, जेठ सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, भाभी शिल्पा सिंह और ननद शीतल दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहे हैं। उनके पिता शादी के समय महंगी कार समेत कई कीमती वस्तुएं दहेज में दे चुके थे, लेकिन वे दहेज में लग्जरी कार मांगते हैं।

कार न देने पर उनसे कई बार मारपीट की गई है। इसको लेकर काम्या ने पिछले दिनों रातीबड़ थाने में शिकायत की थी। 13 मई को महिला थाने में एफआइआर दर्ज कर ली गई।शादी के बाद पति निकले आठवीं पास

थाना प्रभारी अंजना दुबे ने बताया कि 34 वर्षीय काम्या दुबे रातीबड़ क्षेत्र में रहती हैं। दूर के रिश्ते की चाची शीतल ने अपने भाई देवेंद्र सिंह बघेल से रिश्ता तय करवाया था। फरवरी 2018 में दोनों का अतंरजातीय विवाह हुआ था।

शिकायत में काम्या ने बताया कि शादी से पहले उनकी ननद शीतल व पूरे परिवार ने बताया था कि देवेंद्र ने एमबीए की पढ़ाई की है, जबकि वह सिर्फ आठवीं पास हैं। परिवार ने शादी से पहले दावा किया था कि वह कई बड़े बिजनेस संभालते हैं, जबकि देवेंद्र शराब के आदी हैं। वे कोई काम नहीं कर पाते हैं।विधायक पर भाई



को गायब कर संपत्ति हड़पने का आरोप

काम्या सिंह बघेल ने बताया कि ससुराल में प्रताड़ित होने के कारण पिछले कई महीनों से अपने माता-पिता के साथ रह रही हैं। तलाक न होने से उनके पति देवेंद्र बेटियों के पढ़ाई का खर्च कभी कभार देते थे। फरवरी 2025 में उनके जेठ हनी सिंह बघेल ने अपने कुछ लोगों को भोपाल भेज कर पति देवेंद्र को गायब कर दिया है।

वे बताते तो हैं कि इंदौर के किसी अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। काम्या का आरोप है कि ऐसा करके हनी सिंह बघेल पूरी संपत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं।

### *कौन हैं हनी सिंह बघेल*

सुरेंद्र सिंह हनी बघेल धार जिले की कुक्षी विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। साल 2013 में उन्होंने विधानसभा चुनाव जीता था। मध्यप्रदेश सरकार में पर्यटन और नर्मदा घाटी विकास विभाग के मंत्री बने। 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी, लेकिन फिर कांग्रेस में वापसी कर 2023 का विधानसभा चुनाव जीता।

## मप्र फार्मेसी काउंसिल ऑफिस में अफरा-तफरी, रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी कतारें, अधिकारी ही नदारद

भोपाल। फार्मासिस्ट बनने का सपना लिए युवा जब मध्य प्रदेश स्टेट फार्मेसी काउंसिल के दफ्तर पहुंचे तो उन्हें निराशा ही हाथ लगी। काउंसिल में फार्मेसी पंजीयन के लिए रोजाना सैकड़ों की संख्या में आवेदक पहुंच रहे हैं, लेकिन ना तो रजिस्ट्रार मिले और ना ही काउंसिल अध्यक्ष। नवदुनिया की टीम ने बुधवार सुबह करीब 11 बजे आन द स्पाट स्थिति देखी, जहां पंजीयन कराने पहुंचे युवा बाहर लाइन में खड़े थे और दफ्तर के अंदर अधिकारी कुर्सियों से नदारद।

यह स्थिति कोई एक दिन की नहीं है। जांच में सामने आया कि पिछले दो महीनों से फार्मेसी पंजीयन की प्रक्रिया ठप पड़ी है। इस वजह से लगभग चार हजार से ज्यादा आवेदकों के रजिस्ट्रेशन अटके हुए हैं। कई आवेदकों ने बताया कि वे हफ्तों से बार-बार आ रहे हैं, लेकिन हर बार कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। आवेदकों में नाराजगी और निराशा

लाइन में खड़े आवेदकों में भारी नाराजगी और निराशा देखने को मिली।

कई युवा ऐसे थे, जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है।

अब पंजीयन न होने के कारण नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।उनका कहना था कि वे बार-बार काउंसिल के दफ्तर आ रहे हैं।

लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

कुछ आवेदकों ने बताया कि उन्हें बताया गया है कि अधिकारी मौजूद नहीं हैं।

या फिर तकनीकी कारणों से काम रुका हुआ है।

आवेदक हो रहे परेशान एक आवेदक ने कहा कि मैंने अपनी फार्मेसी की पढ़ाई पूरी कर ली है और अब नौकरी ढूंढ रहा हूं।

लेकिन पंजीयन न होने के कारण मैं कहीं भी आवेदन नहीं कर पा रहा हूं।दो महीने से ज्यादा हो गए हैं, मैं लगातार यहां आ रहा हूं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।




# कर्मयोगी हैं प्रदेश के कर्मचारी, उनकी कर्तव्य निष्ठा से ही देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है हमारा प्रदेशः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग को किया स्वीकृत



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम आदमी के जीवन को सुगम बनाने के लिए सुव्यवस्था स्थापित करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इस मंशा का सफल क्रियान्वयन सरकार के कर्मचारियों पर निर्भर करता है, इस दृष्टि से प्रदेश के कर्मचारी सच्चे कर्म योगी हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण से ही जनकल्याण और विकास के पथ पर हमारा प्रदेश अग्रसर है। कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्य में शामिल हुआ है। प्रदेश के कर्मचारी सरकार और जनता के बीच नल और नील की तरह सेतु बनाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अभिनन्दन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गत माह लिए गए कर्मचारी हितैषी निर्णयों के लिए मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रविंद्र भवन में उनका अभिनंदन किया। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अंगवस्त्रम भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक किया। इसके साथ ही उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.यादव को वृहद आकार की मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित करने के बाद मां सरस्वती और पूर्व वरिष्ठ श्रमिक नेता स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री भगवानदास सबनानी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री श्री जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की मांग स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र के समान करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही 9 वर्षों से लंबित हाउस रेंट अलाउंस की मांग को भी पूरा किया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में स्थानांतरण नीति का क्रियान्वयन किया गया है।

## वूमन फॉर ट्री अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी

इंदौर। प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है।

यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा। यह पौधे जल संरचनाओं के आसपास, कैचमेंट एरिया, पार्क, शासकीय संस्थानों, विद्यालयों, जल शोधन संयंत्रों तथा उपलब्ध शासकीय भूमि का चयन कर किया जायेगा। लगाये गये पौधों का संरक्षण एवं नियमित निगरानी महिला स्व-सहायता समूहों (अमृत मित्रों) के माध्यम से की जायेगी।

## लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के सम्मान में मंत्रि-परिषद की ऐतिहासिक बैठक 20 मई को होगी इंदौर के राजवाड़ा में -मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई माता होल्कर का 300वां जयंती वर्ष पूरे हर्षोल्लास से मना रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन, स्वावलंबन, आत्म-निर्भरता और महिला कल्याण की मिसाल लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के पुण्य सम्मान में मध्यप्रदेश सरकार की मंत्रि-परिषद की बैठक 20 मई को इंदौर शहर के राजवाड़ा में होगी। यह पहली बार होगा, जब मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक राजवाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थल पर होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में मंत्रि-परिषद की बैठक देवी अहिल्या बाई होल्कर के गौरवपूर्ण जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक पुण्य अवसर होगा। उन्होंने कहा कि राजवाड़ा भवन का निर्माण कार्य श्रीमंत मल्हार राव जी होलकर महाराज द्वारा प्रारंभ किया गया था, जिसे लोकमाता अहिल्या बाई माता ने पूर्ण कराया था, उसी स्थल पर अब मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित कर उन्हें नमन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजवाड़ा में होने वाली मंत्रि-परिषद की बैठक में राज्य की जनता के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

# पत्रकारों का तीर्थस्थल है माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय : मंत्री श्री विजयवर्गीय




इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि किसी शहर के संग्रहालय और शिक्षण संस्थान धरोहर के समान हैं इनका समृद्ध होना समाज के गौरव को बढ़ाता है। उन्होंने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा की। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी के लिये डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा बहुत उपयोगी रहेगी। मंत्री श्री विजयवर्गीय रविवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के मौके पर डिजिटल लाइब्रेरी के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में संग्रहालय की स्थापना से लेकर अब तक के सफर में सहयोग करने वाली संस्थाओं और हस्तियों का सम्मान किया गया।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को शैक्षणिक संस्थानों को समृद्ध करके पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सप्रे संग्रहालय की शुरूआत एक छोटे स्वरूप में हुई थी। लगभग पिछले 4 दशकों में इस संस्थान ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर ली है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री सुरेश पचौरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री विजयदत्त श्रीधर ने अपनी लगन से भोपाल शहर को एक अमूल्य धरोहर दी है, जिसका लाभ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को निरंतर मिलता रहेगा।

# सांवेर को मिली विकास की बड़ी सौगात



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर नगर परिषद में आयोजित समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने लगभग 12 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 100 से अधिक विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिलावट ने कहा पिछले छह वर्षों में सांवेर के सभी 15 वार्डो में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए गए हैं। इनमें सीसी रोड, ड्रेनेज, नालियां, पुल-पुलिया, स्ट्रॉम वॉटर लाइन, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम, खेल मैदान तथा गार्डन जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 7 में लगभग 5 करोड़ रुपये लागत का बैराज और फिल्टर प्लांट तथा वार्ड क्रमांक 3 में एक करोड़ रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक खंडेलवाल पंप से रेस्ट हाउस तक लगने का कार्य आरंभ किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज भवन के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति, वन स्टॉप सेंटर की स्वीकृति और स्कूलों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की भी बात कहीं। उन्होंने कहा कि आज सांवेर में चार सुंदर गार्डन तैयार हो चुके हैं। श्रीमंत सिंधिया जी के नाम पर बना गार्डन बहुत सुंदर है। माताजी मंदिर के पास अब एक भव्य

## वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना जरूरीः मुख्यमंत्री




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को जानने का सजीव अवसर प्रदान करना आवश्यक है। प्रदेश के नगरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर महापुरूषों की स्मृति में बन रहे सांस्कृतिक द्वार इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजा भोज सहित अन्य महापुरूषों के गौरवशाली इतिहास को पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री यादव भोपाल में नर्मदापुरम मार्ग पर समरधा में निर्मित होने वाले भोज-नर्मदा द्वार के भूमि-पूजन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम द्वारा नीमच में स्थापित 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का इस कार्यक्रम से वर्च्युअल लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, खेल युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और विधायक श्री भगवान दास सबनानी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। यहां प्रदेश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और इतिहास को अभिव्यक्ति प्रदान की जाएगी। भोपाल के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर निर्मित होने वाले 9 द्वारों पर माँ नर्मदा के तट पर विद्यमान प्रमुख तीर्थों सहित सभी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संदर्भ उकेरे जाएंगे। उज्जैन में निर्मित महामृत्युंजय द्वार, विभिन्न काल में उज्जैन के इतिहास और प्रमुख घटनाओं को अभिव्यक्त करता है।

# इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को होने वाली मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक की तैयारियाँ अंतिम चरण में

## कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों की ली बैठक

इंदौर। इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को प्रस्तावित मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए इंदौर के कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इंदौर के लिए गौरवपूर्ण अवसर है। इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन की सभी व्यवस्थाएं इसकी गरिमा के अनुरूप होनी चाहिये। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी नहीं रहें।

उन्होंने निर्देश दिए कि आने वाले किसी भी अतिथि को कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही जिन स्थलों पर ड्यूटी लगाई गई है, उनका निरीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने आपसी समन्वय और सतत संवाद के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य तथा श्रीमती निशा डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि राजवाड़ा में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बैठक स्थल, आवास, परिवहन, यातायात, आकस्मिक चिकित्सा, अग्निशमन आदि सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# चौड़ीकरण मार्ग के रहवासी अभिनंदन के पात्र है जो शहर के विकास में बढ़चढ़ कर आगे आए –विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में यातायात एवं आवागमन सुगम रूप से हो इस हेतु आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण कार्य नगर निगम द्वारा आरंभ कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत कोयला फाटक से छत्रीचौक तक तथा वीडी क्लाथ मार्ग से छोटी रपट तक के मार्ग का चौड़ीकरण कार्य आरंभ कर दिया गया है।

सोमवार को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त आशीष पाठक एवं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के साथ कोयला फाटक से छत्रीचौक तक निगम द्वारा की जा रही चौड़ीकरण कार्यवाही का निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा लगभग 14 करोड़ की लागत से कोयला फाठक से छत्रीचौक तक के 1250 मीटर



मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है वर्तमान में यह मार्ग 8 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ा है। कार्यवाही के दौरान नागरिक सुविधाएं बाधित नो इस हेतु हमारे द्वारा चरणबद्ध तरिके से कार्य किया जा रहा है। 570 मीटर में हमारा कार्य शुरू होना है इसमें हर्ष का विषय है कि 70 प्रतिशत रहवासियों ने अपने भवन के चिन्हित भाग को स्वयं हटा लिए है तथा निगम एवं अन्य अमला बैकअप में लगा हुआ है मेरी चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों से अपील है कि वे भी अपने मकानों के चिन्हित भाग को हटा ले जिससे इसमें निगम का जो भी सहयोग अपेक्षित होगा वह निगम द्वारा रहवासियों को दिया जाएगा।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए कोयला फाटक से गोपाल मंदिर से यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है जिसके लिए टीम के साथ मौका मुआयना के लिए निकलने है। काफी हर्ष का विषय है कि मार्ग के जो रहवासी है उनके द्वारा चिन्हित भाग तक भवनों को हटाना आरंभ कर दिया है जो कि सभी के लिए प्रेरणादायी है। चौड़ीकरण मार्ग के अन्य रहवासियों से भी अपील है कि वे स्वयं मार्किंग के आधार पर अपने मकानों को हटाले जिससे की कार्य को गति दी जा सके। हमारी कोशिश रहेगी कि यथाशीघ्र इस मार्ग को मास्टर प्लान के हिसाब से पूर्ण कर लिया जाए।

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि आने वाले सिंहस्थ को देखकर शहर की यातायात व्यवस्था सुगम रहे, सिंहस्थ में निकलने वाली पेशवाईयों के लिए मार्ग सुगम रहे साथ ही जब से श्री महाकाल महालोक का निर्माण हुआ है तब से उज्जैन में श्रृद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है एवं सावन एवं भादो मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के दौरान भी श्रृद्धालुओं को आवागम में सुविधा रहे इस हेतु हमारे द्वारा शहर के आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है।

# उज्जैन ग्राम के लोगों को मिलेगा नर्मदा का पेयजल




उज्जैन। जल जीवन मिशन पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं पंचायती राज सदस्यों की एकदिवसीय कार्यशाला दिनांक 16 मई 2025 को होटल सुराना पैलेस में एक कार्यशाला का आयोजन संस्था ग्राम भारती महिला मंडल उज्जैन के द्वारा किया गया।

संस्था प्रोजेक्ट मैनेजर रीता नरवरिया ने बताया कि इस कार्यशाला में उज्जैन के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा जी मुख्य अतिथि के रूप में एवं जिला पंचायत सदस्य, जिला जनपद सदस्य, शिक्षा विभाग, बैंक, ,एनआर एलएम, एमपीईबी, महिला एवं बाल विकास ,एवं अन्य विभागों के अधिकारि उपस्थिति हुए, इस एकदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत जल निगम के अंतर्गत संचालित नर्मदा गंभीर समूह जल प्रदाय योजना के विषय में मैनेजर रविंद्र राय द्वारा बताया गया की योजना अंतर्गत नर्मदा नदी का पानी गंभीर डैम मैं लाया जाएगा।

योजना अंतर्गत इंटेक बैल का निर्माण किया जा रहा है एवं पानी को पीने योग्य बनाने के लिए ग्राम गोयला खुर्द में 19 हेक्टेयर भूमि पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है जो उज्जैन जिले का सबसे बड़ा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट होगा। जिसका कार्य लगभग 75प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। प्रबंधक जन सहभागिता श्री कैलाश सागर द्वारा बताया गया की योजना के सफल संचालन हेतु जन भागीदारी एक महत्वपूर्ण कड़ी है योजना के अंतर्गत 90प्रतिशत राशि शासन की ओर से एवं 10प्रतिशत राशि जनभागदरी के रूप में एकत्र की जानी है श्री सागर द्वारा बताया गया की मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा मात्र 6 रुपए 50 पैसे प्रति हजार लीटर की दर से ग्राम वासियों को जल प्रदाय किया जाएगा एवं इसका मासिक बिल पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से जनरेट किया जाएगा। हम सभी की जिम्मेदारी है की योजना के सफल संचालन हेतु हितग्राही अंशदान के रूप में जन भागीदारी एकत्र की जाए एवं समय पर जलकर का भुगतान किया जाए।

## ईर्ष्या महा अग्नि, जो स्व पर को जलाकर भस्म कर देती है- श्री विशुध्दसागरजी महाराज



उज्जैन। ईर्ष्या वह अग्नि है जो स्व पर को जलाकर भस्म कर देती है। ईर्ष्यालु को गुणियों में भी गुण दिखाई नहीं देते। ईर्ष्या महा अग्नि है। जैसे सज्जन मनुष्य क्रूर, सिंह, सर्प आदि से बचकर जीवन जीता है, उसी प्रकार ईर्ष्यालु से अपनी रक्षा करनी चाहिये। ईर्ष्या परिणाम विशुध्द भावों का शीघ्र ही घात कर देती है। ईर्ष्यालु दूसरों की उन्नति को देख ही नहीं पाता है। ईर्ष्यालु दूसरों की धन संपदा, सुख, शांति को क्षण भर भी सहन नही कर पाता है। सुखद जीवन जीना है, तो ईर्ष्या परिणाम मत करो और प्रयत्नपूर्वक ईर्ष्यालुओं से अपनी आत्म रक्षा करो।

## अखिल भारतीय मातृ शक्ति संगठन का तीन दिवसीय पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न, हिन्दू राष्ट्र के लक्ष्य हेतु संकल्पित



उज्जैन। बसंत विहार स्थित वाकणकर उद्यान मारुति मंदिर पर अखिल भारतीय मातृ शक्ति संगठन, जिला उज्जैन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पूर्णाहुति कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन संगठन द्वारा पिछले चार महीनों से विभिन्न मंदिरों में किए जा रहे 108 श्री सुंदरकांड पाठ एवं महायज्ञ की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत को हिन्दू राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुँचाना और हिन्दू जनजागरण करना रहा। इस हेतु महिला संगठन ने अखिल भारतीय मातृ शक्ति सामूहिक हनुमान चालीसा के राष्ट्रीय विस्तार के संकल्प के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया, जिसका लक्ष्य सभी हिन्दू सनातनियों को एक सूत्र में जोड़ना है। अध्यक्ष श्रीमती सुषमा व्यास एवं सचिव श्रीमती शीला शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या से पधारे राष्ट्रीय संरक्षण श्री रामजीवन शरण गुरु जी महाराज एवं विशेष अतिथि पूज्यनीय गुरुवर श्री सुलभ शांतु गुरु जी महाराज उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन दिवस पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने माथे पर कलश धारण कर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। शोभा यात्रा मारुति मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरी और पूर्ण मंदिर पर समाप्त हुई। मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शोभा यात्रा का भव्य

# उत्सव प्रतिकल्पा में महिषासुर मर्दिनी से रोमांचित हुए दर्शक

## 15 दिवसीय नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन, 175 बच्चों, महिलाओं ने भाग लिया




उज्जैन। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय एवं रेडियो दस्तक के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम, राजस्थानी लोकनृत्य, वेस्टर्न डांस एवं मांडना कला के प्रदर्शन के साथ हुआ। जिसमें लगभग 175 बच्चों एवं महिलाओं ने भाग लिया।

उत्सव प्रतिकल्पा का समापन महामहोपाध्याय गोविंद गंधे निदेशक कालिदास संस्कृत अकादमी, संजय शर्मा संस्कार भारती मालवा प्रांत सांस्कृतिक परिषद के सचिव, अमृता कुलश्रेष्ठ सी ई ओ रेडियो दस्तक, कार्यक्रम के अध्यक्ष अर्पण भारद्वाज कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय मुख्य आतिथ्य में हुआ। संस्था सचिव कुमार किशन ने बताया कि स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया द्वारा एवं प्रशिक्षण सत्र की रूपरेखा संस्था की मानसेवी निदेशक डॉ. पल्लवी किशन द्वारा दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत भरतनाट्यम नृत्य में क्रमशः सरस्वती वंदना, गणेश स्तुति एवं दुर्गा स्तुति प्रस्तुत हुई उसके पश्चात विभिन्न व्यवसायों एवं नौकरी पेशे से जुड़ी महिलाओं द्वारा लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। साथ ही बच्चों द्वारा वेस्टर्न डांस का भी प्रस्तुति दी गई तथा अंत में डॉ. पल्लवी किशन के निर्देशन मे विभिन्न नृत्य शैलियों भरतनाट्यम, कथक, लोकनृत्य एवं वेस्टर्न डांस का एक ही नृत्य में समावेश कर फ्यूज़न तैयार किया गया जिसे दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ किशन द्वारा मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासतों पर आधारित देश का प्रथम एनीमेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें तकनीकी सहयोग शांतनु किशन द्वारा किया गया।

समस्त विधाओं में प्रत्येक विद्या में से दो-दो प्रशिक्षणार्थियों को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड प्रदान किए गए। भरतनाट्यम में आद्या जोशी, प्रिंसीका बोरदिया, लोक नृत्य में साक्षी जोशी, काजल यादव, वेस्टर्न डांस में कर्तव्य राय, अनामिका सिकरवार, मांडना कला में वैष्णवी डांडले, नेहा चित्तौड़ा को अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर विख्यात नृत्य गुरु श्वेता देवेंद्र शर्मा, लोकेश सिंह तोमर, सिद्धांत चौबे एवं सिद्धार्थ किशन को कला गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली शुक्ला द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम सहयोग प्रवीण चतुर्वेदी, विजय भागचंदानी, वीणा व्यास, अपूर्व चौहान, जयवी व्यास द्वारा किया गया।

## श्री इच्छापूर्ति गणेश मंदिर पर मनाया त्रिदिवसीय पाटोत्सव




उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय स्थित श्री इच्छापूर्ति गणेश मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय आयोजन हुआ।

प्रथम दिवस प्रातः वेला मे गणेशजी का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक गौरव जैन द्वारा किया गया व चोला अर्पण किया तथा सांध्य आरती क्षमाशील मिश्रा द्वारा कि गई। द्वितीय दिवस प्रातः श्री गणेश अथर्व पाठ हुआ व शाम को तिवारी एडव्होकेट मंडली द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड श्रीराम व हनुमानजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन मिश्रीलाल चौधरी द्वारा कर प्रारम्भ हुआ तथा तृतीय दिवस प्रातः हवन पूजन मनीष बजाज ने सपत्नीक किया व पूर्णाहुति एडव्होकेट संजय नाहर, अमित कावडिया व सुरेश जैन लेकोडावाला, रमेश रघुवंशी ने की। गणेशजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। भगवान को भोग संभागायुक्त संजय गुप्ता ने सपत्नीक लगाया तथा महाआरती विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, जानी गुरु, भाजपा नगराध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, कुलगुरू अर्पण भारद्वाज, डॉ. गोविन्द गंधे निदेशक कालिदास अकादमी, ओम जैन ने की।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com